Regarding construction of road as well as need for Mono Rail for better transportation facilities

श्रीमती कमलजीत सहरावत (पश्चिम दिल्ली) : महोदय, मैं पश्चिम दिल्ली लोक सभा क्षेत्र से आती हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में जखीरा से लेकर नजफगढ़ तक एक रोड जाती है, जिसका नाम शिवाजी मार्ग है। शिवाजी मार्ग जब तक जनकपुरी ए-1 तक आता है, तब तक वहां ऑथराइज्ड कॉलोनी है, जिनमें शिवाजी मार्ग के पैरलल बाकी रोड्स भी हैं। जैसे ही जनकपुरी ए-1 का पॉइंट नजफगढ़ तक शुरू होता है, तो यह अनऑथराइज्ड कॉलोनी का क्षेत्र है, जहां सिर्फ यही एक रोड है, इसके पैरलल कोई रोड नहीं है।

आदरणीय सभापति जी, 4 विधान सभा क्षेत्र इस क्षेत्र में लगते हैं, जहां 30 लाख लोग रहते हैं। इसके पैरलल साहिबी नदी बहती है। इस नदी के किनारे पर रास्ता डेवलप कर दिया जाए। मैं संबंधित मंत्री और विभाग से यह भी प्रार्थना करती हूं कि सर्वेक्षण करके रोड के साथ अगर मोनो रेल का भी प्रोजेक्ट हो, तो वहां जनता को बहुत सुविधा होगी, उनका जीवन सरल होगा। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: आपकी बात बहुत अच्छे ढंग से आ गई।